भारत सरकार

Government of India

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

Ministry of Home Affairs, Department of Official Language

हिंदी शिक्षण योजना (परीक्षा स्कंध)

Hindi Teaching Scheme (Examination Wing)

परीक्षा की तारीख ----------------------

Date of examination

पारंगत परीक्षा - मई 2023

समय : 3 घंटे

प्रश्न पत्र - प्रथम

पूर्णांक : 100

---

1. नीचे दिए गए शब्दों में से किन्हीं 10 हिंदी शब्दों के अंग्रेजी पर्याय लिखिए और हिंदी शब्दों से कार्यालयीन हिंदी में वाक्य बनाइए ।

(15 अंक)

1. वार्षिक स्वास्थ्य जांच
2. कार्य प्रणाली
3. संगरोध अवकाश
4. कर्तव्यपरायणता
5. अशिष्ट आचरण
6. पृथक करना
7. अर्हक सेवा
8. भर्ती पद्धति
9. आवश्यक अर्हताएं
10. वित्त पोषित
11. तत्समय
12. बदनीयत

2. निम्नलिखित हिंदी वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद करें ।

(15 अंक)

1. सरकारी कर्मचारी निजी रोजगार न करें ।
2. --------- पद के लिए बैंच मार्क 'अच्छा' है ।
3. संक्षेप में मामले का सार प्रस्तुत करें ।
4. किसी भी तरह से महामारी न फैलने दी जाए ।
5. फीडर ग्रेड में वरिष्ठता को संशोधित कर दिया गया है ।
6. बिल की जांच की गई और सही पाया ।
7. अन्य बातों के साथ साथ इस बात का भी ध्यान रखा जाए ।
8. चूककर्ता से जवाब मांगा जाए ।
9. यूनीकोड के अविर्भाव से हिंदी सहित विश्व की सभी लिपिबद्ध भाषाएं कंप्यूटर पर उपलब्ध हैं ।
10. चेन्नै में नैनो तकनीक पर आधारित एक प्रयोगशाला स्थापित की जा सकती है ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो स्थितियों पर यथा निर्देशित मसौदे तैयार कीजिए । (20 + 20 अंक)

(क) शिकायत मिली है कि कार्यालय में स्थापित एयर कंडीशनरों के रख-रखाव के लिए जिस फर्म को अनुबंध दिया गया है, वह फर्म अपना काम ठीक से नहीं कर रही । वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए अपने विभागाध्यक्ष को टिप्पणी प्रस्तुत करें जिसमें उस फर्म का अनुबंध निरस्त करने की सिफारिश की जाए । अनुमोदित टिप्पणी के आधार पर फर्म के अनुबंध को निरस्त करने संबंधी पत्र का मसौदा प्रस्तुत कीजिए ।

(ख) कार्यालय अधीक्षक, श्री --------- ने अखिल भारतीय छुट्टी यात्रा रियायत का लाभ उठाते हुए द्वारिका की यात्रा की थी। उन्होंने अहमदाबाद तक की यात्रा (आना एवं जाना) रेलगाड़ी से की किंतु अहमदाबाद से द्वारिका तक की यात्रा प्राइवेट टैक्सी से की जबकि नियमानुसार छुट्टी यात्रा रियायत का उपभोग करते हुए केवल सरकारी वाहन का प्रयोग किया जाना ही अपेक्षित है । इस संबंध में एक विस्तृत टिप्पणी तैयार कीजिए और संबंधित कार्मिक से स्पष्टीकरण मांगने हेतु कार्यालय ज्ञापन का मसौदा प्रस्तुत कीजिए ।

(ग) जाँच करने पर पाया गया है कि श्री ---------, कार्यालय अधीक्षक ने चार एम.टी.एस. की नियुक्ति के समय संबंधित उम्मीदवारों से रु. 3,00,000/- की राशि ली है । उनके खिलाफ कार्रवाई करने हेतु आवश्यक टिप्पणी और आदेश का मसौदा प्रस्तुत करते हुए मामले का निपटान कीजिए ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो स्थितियों पर टिप्पणी तैयार करें। (10 + 10 अंक)

(क) आपके कार्यालय के सहायक, श्री ------------ को हृदय रोग के कारण आपात स्थिति में केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना द्वारा अनुमोदित अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उक्त अस्पताल में उनकी चिकित्सा की जा रही है । श्री ----------- ने कार्यालय में अपने आवेदन में यह अनुरोध किया है कि उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे इस चिकित्सा पर होने वाले व्यय को वहन कर सकें । अत: क्रेडिट के आधार पर चिकित्सा कराने की अनुमति दी जाए । श्री ----------- के आवेदन पर विचार करते हुए विभागाध्यक्ष को आवश्यक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए ।

(ख) आपके कार्यालय के सहायक निदेशक, श्री ----------- ने रु0 1,80,000/- के कार अग्रिम की मांग की है लेकिन 7वें वेतन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार उनको इसी प्रयोजन के लिए अग्रिम नहीं दिया जा सकता । इस संबंध में सहायक स्तर पर टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए ।

(ग) केंद्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली द्वारा प्राथमिक शिक्षक पद को सीधी भर्ती से भरने के उद्देश्य से भर्ती नियम बनाए गए हैं । इन भर्ती नियमों को अनुलग्नक-1 पर दर्शाते हुए इनके अनुमोदन हेतु एक प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा जाना है । प्रस्ताव भेजने के लिए एक स्वत:पूर्ण टिप्पणी तैयार कीजिए ।

5. नीचे दिए गए वाक्यों में प्रयुक्त अंग्रेजी शब्दों के हिंदी पर्याय देते हुए हिंदी वाक्य पुनः बनाएं । (10 अंक)

1. <u>अंडर सेक्रटरी</u> को <u>फाइल</u> भेजी गई है ।
2. आपके कार्यालय में सितंबर माह में हिंदी <u>फोर्टनाइट सेलब्रेट</u> किया जाना है ।
3. अकादमी के सभी <u>फैकल्टी मेंबर्स</u> को आवास <u>फेसिलिटी</u> दी जाएगी ।
4. <u>फाइनांस अप्रूवल</u> के लिए आंतरिक वित्त विभाग को भेजा जाए ।
5. विदेशी सरकार से प्राप्त <u>इनफर्मेशन कॉफिडेंशियल</u> है ।